RNI NO Title Code-UPHIN49594

हिन्दी दैनिक

# नवयुग समाचार

वर्ष-3 अंक-173
बहराइच,शनिवार
29 जून 2024
पृष्ठ-4 मूल्य 2.00

बहराइच से प्रकाशित

एक सामाजिक दर्पण

लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कानपुर, कन्नौज, फरुर्खाबाद, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, म.प्र., बिहार में प्रसारित

## लखनऊ में ओवैसी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग



लखनऊ। एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ अखिल भारत हिंदू महासभा ने प्रदर्शन किया। महासभा के सदस्यों ने हजरतगंज कोतवाली में पहुंचकर नारेबाजी की। ओवैसी पर आरोप है कि उन्होंने लोकसभा में शपथ ग्रहण के दौरान जय फिलस्तीन का नारा लगाया था। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र एसीपी हजरतगंज को सौंपा गया। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने अपने साथियों के साथ हजरतगंज कोतवाली में असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने सांसद के खिलाफ नारेबाजी भी की। महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने कहा कि हैदराबाद से जनप्रतिनिधि के रूप में चुने गए ओवैसी लोकसभा में हिंदुस्तान जिंदाबाद, संविधान की जय नहीं बोलते। लेकिन देश विरोधी नारा लगाते हैं। शिशिर ने कहा कि ये भारत की विदेश नीति के खिलाफ जाकर जय फिलिस्तीन बोलना गलत है। शिशिर चतुर्वेदी ने कहा कि लोकसभा में ओवैसी के रवैए से देश भर के लोग आहत हैं। उनका नारा दशार्ता है कि ओवैसी देश की अखंडता के लिए खतरा हैं। शिशिर ने कहा कि ओवैसी को वंदे मातरम और भारत माता की जय बोलने में शर्म आती है। मगर देश को अपमानित करने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ते हैं। ज्ञापन सौंपकर सदस्यता रद्द करने की मांग एसीपी हजरतगंज अरविंद कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए शिशिर चतुर्वेदी ने ओवैसी के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। साथ ही उनकी संसद सदस्यता रद्द करने की भी मांग हुई। महासभा के कार्यकताओं ने धमकी दी कि अगर कार्रवाई नहीं की गई तो पूरे भारत में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# मानसून की दस्तक : मूसलाधार बारिश से मौसम हुआ सुहाना

### अगले चार पांच दिन में पूरे प्रदेश में बारिश शुरू होने की संभावना



लखनऊ। लंबे समय का शुक्रवार शाम मानसून ने राजधानी में दस्तक दे दी। रात करीब आठ बजे झमाझम बारिश से भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार से पांच दिनों में पूरे प्रदेश में बारिश शुरू हो जाएगी। शहर में दिन भर उमस से लोग परेशान रहे। अधिकतम तापमान 40.3 और न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री दर्ज किया गया। इस दौरान 16 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलती रही। बारिश शुरू होने के बाद हवा की रफ्तार कम हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक बुन्देलखंड व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जो बारिश हो रही है वह दक्षिणी-पश्चिमी मानसून की अरब सागर वाली शाखा की अत्यधिक सक्रियता की वजह से हो रही है। अब बंगाल की खाड़ी वाली मानसूनी शाखा भी सक्रिय होगी। उन्होंने बताया कि बंगाल की खाड़ी में कम हवा का एक दबाव क्षेत्र बना है और उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश की तरफ एक ट्रफ भी बना है। इस लिहाज से अगले दो दिनों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी अच्छी बारिश होने का अनुमान है।

तेज बारिश के बाद सड़कों पर जाम लग गया। इसमें हजरतगंज, परिवर्तन चौक, शहीद स्मारक, डालीगंज, मेडिकल कॉलेज चौराह, चौक, इमामबाड़ा, बुद्धेश्वर चौराहा, अकबरीगेट नक्खास समेत शहर के अलग-अलग इलाके जाम की चपेट में भी रहे। वहीं लोहिया पथ, कमता, चिनहट चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा, पत्रकारपुरम और विभूतिखंड इलाके में भी सड़कों पर भारी जाम लगा रहा वाहन रेंगते रहे। शाम को बारिश के चलते लोग भीगने बचते भी नजर आये।

## सेंगोल विवाद पर मायावती ने सपा को घेरा, कहा-देश के मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरें

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद आर. के. चौधरी द्वारा संसद में सेंगोल की स्थापना का विरोध किए जाने को लेकर सपा पर ही निशाना साधा है। मायावती ने कहा कि बेहतर होता कि अगर सपा देश के कमजोर और उपेक्षित वर्गों के हित में केंद्र सरकार को घेरती। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ण पर कहा, सेंगोल को संसद में लगाना या नहीं लगाना, इस पर बोलने के साथ-साथ सपा के लिए यह बेहतर होता कि यह पार्टी देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में तथा आम जनहित के मुद्दों को भी लेकर केंद्र सरकार को घेरती। बसपा अध्यक्ष ने कहा, सच्चाई यह है कि यह पार्टी (सपा) अधिकांश ऐसे मुद्दों पर चुप ही रहती है तथा सरकार में आने पर कमजोर वर्गों के खिलाफ फैसले भी लेती है। इनके महापुरुषों की भी उपेक्षा करती है। इस पार्टी के सभी हथकंडों से जरूर सावधान रहें।गौरतलब है कि मोहनलालगंज सीट से सपा सांसद आर. के. चौधरी ने संसद भवन में सेंगोल स्थापित किए जाने का विरोध करते हुए इस सिलसिले में प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को एक पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने सेंगोल को राजशाही का प्रतीक बताते हुए उसके स्थान पर संविधान की विशाल प्रति स्थापित करने की मांग की थी। चौधरी बसपा के संस्थापक सदस्य भी रह चुके हैं। 1. सेंगोल को संसद में लगाना या नहीं, इस पर बोलने के साथ-साथ सपा के लिए यह बेहतर होता कि यह पार्टी देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में तथा आम जनहित के मुद्दों को भी लेकर केन्द्र सरकार को घेरती।

# गलत आर्थिक नीतियों की वजह से महंगाई चरम पर :अखिलेश यादव



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई अब चरम पर पहुंच गयी है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल है। इस सरकार को जनता की परेशानियों की कोई चिंता नहीं है। चुनाव खत्म होते ही दूध, तेल, की कीमतें बढ़ गयी है। सब्जियों और दालों की कीमते आसमान छू रही है। पढ़ाई, लिखाई और दवाई के बोझ तले आम जनता पहले से दबी है। महंगाई के इस दौर में आम जनता के लिए जीवनयापन करना मुश्किल है। उन्होने कहा कि सच तो यह है कि बाजार पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। दाले 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। आलू 40 रुपए प्रति किलो ग्राम मिल रहा है। अन्य सब्जियों की बढ़ी कीमतों ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दो जून की रोटी की व्यवस्था कर पाना मुश्किल है। यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को झटका दिया है लेकिन वह येनकेन प्रकारेण सत्ता पर काबिज हो गयी। भाजपा सरकार का अहंकार अभी भी कम नहीं हो रहा है। भाजपा की नीतियां सिर्फ पूंजीपतियों के लिए है। वह हर समय गरीबों और मध्यम वर्ग की जेब काटने के रास्ते तलाशती रहती है।

उन्होने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर बैंक अमीर कर्जदारों को और कर्ज दे रही हैं और उन्हीं के कर्ज भी माफ कर रही है जबकि गरीब किसान के छोटे से छोटे कर्ज पर भी उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। गरीब किसान अपमानित होकर मजबूरन आत्महत्या करने को विवश हो रहा है।

## मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे मंत्री ओमप्रकाश राजभर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को पंचायती राज विभाग व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर मिलने पहुंचे थे। ओमप्रकाश राजभर को सुभासपा विधायक बेदी राम के वीडियो पर उठे विवाद के मामले में तलब किया गया था। सुभासपा विधायक बेदी राम के वीडियो पर उठा विवाद अभी शांत नहीं पड़ा था कि पार्टी अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के एक भाषण का वीडियो भी सामने आ जाने से मामला और गरमा गया है। ओपी राजभर इस वीडियो में कह रहे हैं, किसी विभाग में नौकरी चाहिए तो फॉर्म भरने के बाद कॉल लेटर आ जाए तो कॉल कर लेना। निश्चित है, जुगाड़ तो बना ही देंगे। यह भी कह रहे हैं कि, बेदी राम नौकरी दिलाने में माहिर हैं। आप लेने की तैयारी करो, कोई दिक्कत नहीं है। वहीं, राजभर ने नौकरी के जुगाड़ वाले खुद के बयान और पार्टी विधायक बेदी राम की जॉब सेटिंग स्टिंग से जुड़े सवालों पर चुप्पी साध ली है। वायरल वीडियो को लेकर जब मीडिया ने गुरुवार को उनसे सवाल किए तो उन्होंने बस इतना कहा - आप उनसे (बेदीराम) से क्यों नहीं पूछते, उनसे पूछिए।

## शेफाली वर्मा महिला टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनीं





चेन्नई। भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ते हुए महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाली खिलाड़ी बन गयी। बीस साल की शैफाली ने सिर्फ 194 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा कर सदरलैंड को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी ने इस साल की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 248 गेंदों पर दोहरा शतक बनाया था। शेफाली भारत की पूर्व कप्तान कप्तान मिताली राज के बाद लगभग 22 वर्षों के लंबे समय अंतराल पर टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाली दूसरी भारतीय भी बनीं। मिताली ने अगस्त 2002 में टॉनटन में इंग्लैंड के खिलाफ ड्रा हुए दूसरे टेस्ट के दौरान 407 गेंदों पर 214 रन बनाए थे। शेफाली ने अपनी आक्रामक पारी में 23 चौके और आठ छक्के जड़े। उन्होंने डेलमी टकर के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाने के बाद एक रन चुराकर अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह 197 गेंद में 205 रन बनाकर रन आउट हुई। शेफाली को सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 161 गेंद में 27 चौके और एक छक्का लगाया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 312 गेंद में रिकॉर्ड 292 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरूआत दिलायी।

## टी20 विश्व कप फाइनल रोहित शर्मा और विराट कोहली का हो सकता है आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच




नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट का कोई भी प्रशंसक शनिवार को बारबडोस में टी20 विश्व कप फाइनल के बाद कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली को आंखों की आंसुओं को छुपाते हुए नहीं देखना चाहेगा जैसा की सात महीने और 10 दिन पहले एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल के बाद हुआ था। प्रशंसक निश्चित रूप से चाहेंगे की दोनों महान खिलाड़ियों को खेल के सबसे छोटे प्रारूप में यादगार विदाई मिले। इस बात की काफी संभावना है कि दोनों के लिए भारतीय टीम की जर्सी में यह आखिरी टी20 मैच हो। भारतीय क्रिकेट की समझ रखने वाले लोग मानते है कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के अधिकारी और राष्ट्रीय चयनकर्ता रोहित और कोहली और रविंद्र जडेजा की तिकड़ी इस प्रारूप में और मौके नहीं देगी। ऐसे में अगले महीने की जिम्बाब्वे श्रृंखला निश्चित रूप से भारत में 2026 टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए एक नई सुबह की शुरूआत करेगी। किसी भी वैश्विक ट्रॉफी की तैयारी के लिए कोर टीम को कम से कम दो साल पहले अंतिम रूप दिया जाना चाहिए और 2026 में जब भारत टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा तब 39 साल की उम्र में रोहित, 38 साल की उम्र में कोहली और यहां तक कि जडेजा के इस प्रारूप के मुताबिक फिट रहने की संभावना काफी कम है।






# सम्पादकीय....

## लोकसभा का नया सत्र

संसद राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यदि वहां भी शालीनता, मयार्दा एवं सभ्यता का भंग होता है तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के गौरव का आहत होना निश्चित है।

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू चुका है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तीन जुलाई तक दस दिन के लिये चलने वाले इस सत्र में दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सत्र में विपक्ष इस बार अपनी बढ़ी हुई शक्ति का एहसास कराते हुए आक्रामक होने से नहीं चूकेगा। यही वजह है विपक्ष ने सत्र से पहले परीक्षा में गड़बड़ी, अग्निवीर व प्रोटेम स्पीकर जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख दिखाने की रणनीति बनाई है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



हमीरपुर। व्यापार बंधुओं व उद्योग बन्धुओं के साथ जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णय के संबंध में की गई कार्यवाही की पुष्टि की गई। तदोपरांत उद्योग व व्यापार बंधुओं से उनकी समस्याओं के बारे में बैठक में चर्चा की गई। समस्याओं के नियमानुसार शीघ्र निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की पीएम रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग ना रखा जाए। उनको नियमानुसार स्वीकृत कर समय से डिस्बर्स किया जाए। बैठक में व्यापरियों द्वारा बिजली कटौती की समस्या बिजली बिलों की आसामान्य रूप से आना, बिजली कलेक्शन न मिलना तथा नहर बाइपास में नाले का निर्माण, नालों की सफ सफाई, एवं राठ में डाक्टरों की कमी, एटीएम मशीन तथा शहर में अतिक्रमण हटाये जाने तथा ई-रिक्शा से होने वाले जाम की समस्या आदि के बारे में अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण तथा नालों की सफ सफाई का कार्य अभियान चलाकर किया जा रहा है तथा अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात व्यापारियों की विभिन्न समस्याओ का निस्तारण शासन की मंशानुरूप निस्तारण कराये जाने के निर्देश संबंधित को दिए। बैठक में बगैर सूचना के अनुपस्थित रहेने तथा उद्यमियों के प्रकरणों में खराब प्रगति होने पर भूगर्भ जल विभाग के सहायक अभियन्ता एवं उपयुक्त उद्योग के वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डा. नागेन्द्रनाथ यादव, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत अनिल अहूजा, एलडीएम संगम लाला मिश्रा, सीओ सदर, जीएमडीआईसी, केजी अग्रवाल, जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल, बृजेश गुप्ता जिला अध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, कृष्ण प्रकाश उपायुक्त राज्यकर, रामनरेश सिंह सहायक आयुक्त तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उद्यमी मौजूद रहे।

# गद्दी बनी अखाड़ा नहीं घोषित हो सका निबोष आश्रम का उत्तराधिकारी

नवयुग समाचार





बेनीगंज/हरदोई बेनीगंज कोतवाली के नैमिश परिक्रमा मार्ग के निबोश आश्रम में सेवायत को लेकर हुए बिवाद में प्रसिद्ध नैमिष धाम मंडल के संत महंतों, ग्रामीणों, व पुलिस का भारी जमावड़ा रहा। गिरधरपुर प्रधान सहित ग्रामीण एवं यहाँ के महंत मनीराम दास की हत्या के बाद मंदिर के मुखिया बनाये जाने की आवाज जोर पकड़ती। वहीं स्वर्गीय रामस्वरूप दास उर्फ निमिया बाबा जो इस मंदिर के मुखिया द्वारा नियुक्त मनीराम दास के भाई आत्माराम को मंदिर का पुजारी व मुखिया के रूप में यहाँ आये संत महात्माओं ने नियुक्त किया। आज यहाँ नैमिष परिक्रमा महामंडलेश्वर पहला आश्रम नन्हक्कू दास व संतोष दास, मदनमोहन दास अयोध्या, माधव दास अयोध्या सहित बड़ी संख्या में संत महत्मा उपस्थित रहे। निबोश मंदिर आश्रम काफी पुराना है। यहाँ स्थित सूर्य मंदिर के साथ ही भगवान शिव का पुराना मंदिर है। 84 कोसी परिक्रमा पड़ाव स्थल होने के कारण बड़ी संख्या में परिक्रमार्थी और पर्यटक भी यहाँ आते है। चढ़ावे के रूप में अच्छी वार्षिक आय होती है। वहीं आसपास के दर्जनों गाँवो के लोग बच्चों के मुंडन संस्कार कार्यक्रम कराते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मनीराम की 2024 में हत्या होने के बाद बाबा दिनेश दास ने खुद को उनका उत्तराधिकारी बताकर महंत घोषित कर कब्जा कर लिया था जिसे आज संतो और महात्माओं ने अवैध घोषित कर दिया तथा मंदिर परिसर में प्रसासन का ताला डलवाने की जोर शोर से मांग रखी। पुलिस ने मामले को देखते हुए आने वाले दिनों में बैठ कर समाधान करने का आश्वासन दिया। संतों का कहना था कि स्वर्गीय मनीराम दास के छोटे भाई आत्माराम दास को उत्तराधिकारी नियुक्त होना चाहिए। मौके पर मौजूद बहुत से लोगों ने बाबा दिनेश दास के कार्य व्यवहार पर गम्भीर सवाल भी उठाए जिससे दोनों पक्षों के समर्थकों में पुलिस की मौजूदगी में गहमा गहमी और नोकझोंक होती रही। पुलिस ने भी सतर्कता दिखाते हुए एक पक्ष के कुछ लोगों को मंदिर के नीचे भाग दिया। जानकारों के अनुसार उक्त मंदिर में पंद्रह बीघे जमीन तथा लगभग 100 बीघे का विशाल तालाब सम्पति के रूप में मौजूद है। आने वाले चढ़ावे की रकम से सितंबर के महीनो में प्रति वर्ष रामलीला होती है और अगस्त के महीने में रविवार को मेला लगता है। पुलिस बल के साथ मौजूद कोतवाल संजय त्यागी ने स्थिति का गंभीरता से जायजा लिया और सभी को बिवाद से बचने कि हिदायत दी। वहीं सैकड़ो साधु मौजूद रहे।

# गाली गलौज का विरोध करने पर विपक्षियों ने अधेड़ को पीट कर किया घायल



बिलग्राम हरदोई। बिलग्राम हरदोई।। थाना क्षेत्र के पसनेर गांव में दबंगो ने अधेड़ को लाठी अंडो से पीट कर लहूलुहान कर दिया । जानकारी के अनुसार शिव सिंह 47 वर्ष पुत्र मुंशी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही रामशंकर, रामचेला, हरिशंकर, ने दरवाजे पर आकर मुझे गंदी-गंदी गालियां देने लगे मेरे मना करने पर दबंगों ने लाठी डंडों से पीट दिया जिससे उसके सिर में व हाथ में गंभीर चोट आई है।पीड़ित शिव सिंह ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। वही प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि पीड़ित शिव सिंह का डॉक्टरी परीक्षण कराया जा रहा है । जांच कर आरोपियों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। और उन पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# ग्राम प्रधान श्री अभिषेक दीक्षित के कुशल नेतृत्व में गांव का हो रहा है विकास

नवयुग समाचार




मल्लावां (हरदोई) 28 जून 2024 विकासखण्ड मल्लावां की इस समय की बहुचर्चित ग्राम पंचायत गंज जलालाबाद जो व्यापारिक दृष्टि से एक विकसित ग्राम पंचायत है। जब से ग्राम पंचायत की सत्ता युवा ग्राम प्रधान अभिषेक दीक्षित के हांथो में आयी तब से विकास की नित नई योजनाओं का ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है। लगभग 350 शौचालय 60 आवास इसके बाद विधवाओं विकलांगो के लिए नए आवासों का पुनः सर्वे एच सी एल फाउंडेशन द्वारा किसानों को निःशुल्क प्रशिक्षण व बीज वितरण, इंटरलॉकिंग मार्ग व नालियों के निर्माण के साथ एक बार फिर ग्राम वासियों के हित के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव में अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र की एक सुंदर सौगात धरातल पर दिखाई देने लगी है। जिसका कार्य तीव्र गति से संचालित किया जा रहा है। प्रधान श्री अभिषेक दीक्षित के नेतृत्व में गांव का कायाकल्प दिन प्रतिदिन हो रहा है जबकि वहीं पिछले प्रधानों के कार्यकाल में अधिकतर योजनाएं कागजी कार्यवाही में ही सिमट कर रह जाती थी। अर्थात फाइलों पर ही निर्माण कार्य हो जाता था। लेकिन वर्तमान समय में अब ऐसा नहीं होता है। ग्रामवासियों की जरूरत को ध्यान में रखकर दीक्षित जी के द्वारा निरंतर कार्य योजनाओं को एक के बाद एक धरातल पर उतारा जा रहा है। क्योंकि प्रधान श्री अभिषेक दीक्षित जी का चुनाव से पूर्व कहना था कि सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं, मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिय इस स्लोगन को उन्होंने सत्य साबित किया। अब कहने में अतिशयोक्ति न होगी कि ग्राम पंचायत गंज जलालाबाद की सत्ता कुशल और योग्य हाथों में है।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला सलाहकार की बैठक




हरदोई। विवेकानंद सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बैकों को निर्देश दिए कि सीडी रेशियो को बेहतर बनाने के लिए गंभीर प्रयास किये जाएं। कल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित लोन का कोई आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने में देरी न की जाये। पीएम स्वनिधि योजना में लक्ष्य के अनुरूप लोगों को लाभान्वित किया जाये। स्वयं सहायता समूहों को ऋण स्वीकृति में देरी न की जाये। समूहों का बैंक खाता अनावश्यक रूप से बन्द न किया जाये। बीएमएम से निरंतर संवाद किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने अनुपस्थित बैंक प्रतिनिधियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक अरविन्द रंजन, रिजर्व बैंक लखनऊ के अधिकारी सौरभ सिंह, बैंक ऑफ इंडिया रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर रितेश सिंह, कर्मचारी नेता वेद प्रकाश सहित बैंक प्रतिनिधि व सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डंपर आमने सामने भिड़े एक घण्टे बाधित रहा यातायात



हमीरपुर। नेशनल हाईवे पर सुबह कस्बे के अंदर दो डंपर आमने सामने भिड़ जाने से यातायात प्रभावित हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची हाईवे की पेट्रोलिंग टीम ने क्रेन की सहायता से डंपरों को हटवाकर एक घण्टे बाद यातायात बहाल कराया। शुक्रवार को सुबह हाईवे पर कस्बे के अंदर शिवानी पैलेस के पास दो डंपर आमने-सामने टकरा गए। इससे हाइवे पर यातायात बाधित हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची हाईवे की पेट्रोलिंग टीम ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को किनारे करके यातायात बहाल कराया। इस घटना में दोनों वाहनों के चालक बाल बाल बच गए। इस दौरान हाइवे पर करीब एक घंटे यातायात प्रभावित रहा।

# आचार्य का रोल ऐसा हो जो बच्चों को प्रेरित कर सके: बालमुकुंद प्रसाद







हरदोई । पं. बाबूराम त्रिवेदी सरस्वती शिशु मंदिर अल्लीपुर में विद्याभारती द्वारा आयोजित नवीन आचार्य प्रशिक्षण दिवस के अष्टम दिवस पर कार्यक्रम के प्रथम सत्र पर जिलाविद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद प्रसाद ने 21 वीं सदी के शिक्षक आदि पर विस्तार से चर्चा की तथा कहा 20वीं और 21वीं सदी में जो बदलाव व प्रगति हुई है, उस पर विचार किया जाना चाहिए कि हम समय के साथ समय के बदलाव के चलते, हम बेहतरीन शिक्षा दे सकें। आपका अर्थात आचार्य का रोल ऐसा हो जो बच्चों को प्रेरित कर सके, विद्यार्थी आपसे डरे नही। बच्चों के अंदर सवाल करने की प्रेरणा होनी चाहिए। उन्होंने द्वितीय सत्र क्षेत्रीय संस्कृति बोध परियोजना प्रमुख राजकुमार ने लिया इन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अर्ली चाइल्ड केयर पर विशेष जोर दिया गया है राष्ट्रीय शिक्षा नीति चार भागों में विभाजित है। जिसमे 3 साल से 8 साल के बच्चे जिनका प्रवेश होने वाला है उन 3 साल के बच्चे का लालन पालन घर पर कैसे हो उस पर चर्चा हुई तथा 3 साल के बाद जब वह हमारे विद्यालय में आए तब उसका लालन-पालन कैसे हो इस पर चर्चा हुई तथा जो नवीन आचार्य प्रशिक्षण ले रहे है उनको लेकर कहा कि हम संपूर्ण समाज को परिवर्तित करना चाहते हैं इसलिए शुरूआत युवा दंपतियों को लेकर करना चाहते हैं आने वाली पीढ़ी कुछ इस तरह तैयार हो। जो हमारे देश में खुल रहे वृद्ध आश्रम है वह धीरे-धीरे बंद हो जाएं। सायंकाल शारीरिक का सत्र हुआ जिसमे मुख्य शिक्षक प्रांतीय शारीरिक प्रमुख के द्वारा ओम प्रकाश के द्वारा विधिवत शिक्षण कार्य हुआ। तिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन किया गया तथा वंदना का कार्यक्रम हुआ। मंच संचालन श्रावस्ती संभाग कैलाश वर्मा के द्वारा किया गया तथा आये हुए मुख्य अतिथियों का परिचय संभाग निरीक्षक लखनऊ श्याममनोहर शुक्ल के द्वारा किया गया। वंदना कार्यक्रम के पश्चात जिलाविद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद पसाद का स्वागत जन शिक्षा समिति अवध प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक मिथिलेश अवस्थी ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष उच्च शिक्षा विद्या भारती शीर्षेन्दुशील त्रिवेदी विपिन, सीतापुर संभाग निरीक्षक रणवीर सिंह, साकेत संभाग मिथिलेश सिंह, प्रांतीय प्रशिक्षण प्रमुख देवेंद्र पाल सिंह व्यवस्था के आचार्य तथा नवीन आचार्य प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक मनीष कुमार सिंह द्वारा शोभित आफसेट के-450 इंद्रलोक कॉलोनी, पोस्ट मानसनगर, लखनऊ - 226023 उ.प्र. से मुद्रित कराकर मुकेरिया, महसी, रमगांव, बहराइच से प्रकाशित। आरएनआई/टाइटल कोड-UPHIN49594
संपादक-मनीष कुमार सिंह मो.- +91 9984176988 ई-मेल- navyugsamacharindia@gmail.com उप संपादक-मो. इजहार वारसी, मो. +91 7081640677, प्रबंध संपादक-संजय कुमार त्रिपाठी, मो.- +91 9044973372, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र बहराइच, उ.प्र. होगा।

## दुकानों के बाहर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए 3750 रुपए जुमार्ना वसूला




नवयुग समाचार संवाददाता
बिल्हौरः अधिशासी अधिकारी अंजनी मिश्रा द्वारा नपरपालिका क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिसके तहत नेहरू पार्क के सामने स्थित दुकानों पर कुल 3750 रुपए जुमार्ना लगाया गया साथ ही अन्य दुकानदारों से अतिक्रमण न करने के लिए अपील की। कहा कि यदि नहीं माने तो अतिक्रमण हटाओ अभियान अपना विकराल रूप ले सकता है। अतिक्रमण हटवाते हुए पालिका कर्मियों के साथ अधिशाषी अधिकारी ने ककवन रोड, पालिका चौराहा, पानी टंकी रोड, श्रीराम चौराहा के आसपास की दुकानों तक पहुंच अतिक्रमण न करने की हिदायत दी।

# पत्रकारिता के बाद राजनीति में अवनीश दीक्षित का हो सकता है प्रवेश

### 25 साल की पत्रकारिता में अवनीश ने कभी नहीं मानी हार

आनन्द तिवारी/नवयुग समाचार
कानपुर नगरः आपको बता दें (कानपुर) यह बात लगभग 25 साल पुरानी है जब हम 2000 सन् में प्रवेश करने जा रहे थे और 1999 को अलविदा! इसी समय कानपुर के पत्रकारिता जगत में एक नया चेहरा शामिल हुआ। अखबार था नगर छाया और वह भी साप्ताहिक!
युवा चेहरा, माथे पर तेज और कुछ कर गुजरने का जुनून इस युवा को एक नई ऊर्जा दे रहा था! अखबारों में छपी उसके नाम से उसकी खबर उसको गदगद करती तो पत्रकारिता के प्रारंभ में आने वाली उलझने उसे निराश लेकिन अगर वह निराश होकर रास्ता छोड़ देतो वह अवनीश दीक्षित किस बात का! जी हां हम बात कर रहे हैं प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित की! जिन्होंने 1999 में नगर छाया साप्ताहिक अखबार से अपनी पत्रकारिता का शुभारंभ किया। अवनीश बताते हैं कि प्रारंभ के दिनों मे संपादक अरुण पाण्डेय व मनोज त्रिपाठी को साथ कलमकार



सुनील वाजपेई ने उनका मार्गदर्शन किया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित! तो वही इसको लेकर अवनीश आगे बताते हैं कि इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार व वर्तमान प्रेस क्लब अध्यक्ष सरस बाजपेई, वरिष्ठ अधिवक्ता अखिलेश दुबे, जेएमडी ग्रुप के डायरेक्टर संजीव दीक्षित व उनकी मां व इष्ट मित्रों ने उनकी प्रारम्भ के दिनों में तन मन धन तीनों से विशेष योगदान दिया। उनके बड़े भाई व पत्नी के साथ मित्र अजीत यादव भी हमेशा बुरे वक्त में उनको ताक देते रहे! विदित हो कि अवनीश के पिता स्वर्गीय ओम प्रसाद दीक्षित रिटायर्ड थानेदार थे जो ग्राम रुदौली ग्राम रुदौली जनपद औरैया के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक अवनीश प्रारंभ से ही कानपुर में रहे और शिक्षा ग्रहण करने के बाद कानपुर को ही पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना कर्म क्षेत्र बना लिया। अवनीश को 2013 से 2018 तक कानपुर प्रेस क्लब का महामंत्री और 2018 से 2023 तक अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान अवनीश ने पत्रकारों के साथ देश, प्रदेश या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली घटनाओं का विरोध किया और पत्रकारो के साथ खड़े रहे! अवनीश ने पत्रकारों की यथासंभव आर्थिक और सामाजिक रूप से जितनी सहायता हो सकी करी! अवनीश आज भी पत्रकारो के साथ कँधे से कंधा मिलाकर चलते हैं और पत्रकारों के साथ गम हो या खुशी खड़े नजर आते हैं! अवनीश बताते हैं कि पत्रकारों कि लड़ाई उनकी हमेशा व्यक्तिगत लड़ाई होती थी! जैसा कि अवनीश दीक्षित लगभग 25 वर्षों से कभी टीवी चैनल तो कभी अखबार के माध्यम से जन हितार्थ मुद्दों को उठाते रहे हैं और कभी अखबार तो कभी टीवी चैनल के माध्यम से गलत को गलत दहाड़ कर कहते रहे हैं! सूत्रो के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार आने वाली विधानसभा चुनाव में वह भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़कर देश की सेवा करने जा रहे हैं जानकारी के मुताबिक अवनीश को सीसामऊ विधान सभा के उपचुनाव में बीजेपी टिकट देकर प्रत्याशी बना सकती है इतना ही नहीं सटीक सूत्रो से मिली जानकारी कहती है कि अवनीश को कानपुर, लखनऊ और दिल्ली में मौजूद संघ और बीजेपी के बड़े नेताओं का सानिध्य भी प्राप्त हो चुका है अपने इस राजनीतिक उद्देश्य को लेकर अवनीश बताते हैं कि वह बीजेपी के साथ जुड़कर गरीब, दलित, युवा समेत हर जरूरतमंद की मदद करेंगे और भारत को विकसित देश बनाने के मार्ग में आगे बढ़ेंगे! फिलहाल इस समय अवनीश उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े प्रतिष्ठित न्यूज चैनल भारत समाचार का अहम हिस्सा है जिनको कानपुर ब्यूरो हेड की जिम्मेदारी मिली हुई है जिसमें वह निष्पक्ष और निडर होकर जनता के मुद्दों को सरकार तक पहुंचाते हैं!

## लाल पट्टी वालों ने फिर पकड़वाई आवैध शराब पुलिस को सूचना देकर



हिमांशु सिंह राजपूत
नवयुग समाचार
बांदकपुर/दमोहः भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जिला दमोह के कार्यकताओं ने बांदकपुर चौकी अंतर्गत पुलिस को सूचना देकर पकड़वाई अबैध शराब। विलतरा कलारी से आ रही हलगज गांव की शराब संगठन के सदस्यों को देखते ही शराब माफिया अबैध शराब फेंक-कर भागे। विलतरा कलारी से हलगज के पुलिया के पास दो लोग मोटरसाइकिल से अबैध शराब परिवाहन कर रहे थे। संगठन के सदस्यों ने पुलिस को सूचना देकर पकड़वाई 48 लाल मसाला सफेद, 45 पाव अंग्रेजी मेगडावर -06 पाव बैगपाइपर 06 पाव कुल-105 पाव अवैध शराब संगठन के सदस्यों को देखकर शराब फेंककर आरोपी भागने में सफल रहे। दिनांक - 28-6-24 समय रात्रि 8:00 बजे पुलिस मौके पर पहुंचकर शराब जब्त कर मामला विवेचना में लिया।

## गांव-गांव में बिक रही अवैध शराब को बंद करवाने के लिए दमोह पुलिस अधीक्षक से मिले भगवती मानव कल्याण संगठन के लोग



हिमांशु सिंह राजपूत
नवयुग समाचार
दमोह/जबेराः जनपद पंचायत के गांव गांव में शराब ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से गांव-गांव शराब भेजी जाती है एवं ठेकेदार द्वारा गांव-गांव में शराब की कई अवैध दुकान खोली गई है गांव की इन अवैध दुकानों को बंद करवाने एवं गांव गांव होने वाली शराब की तस्करी को रोकने जबेरा जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह भगवती मानव कल्याण संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ दमोह पुलिस अधीक्षक सोमवंशी से मिली एवं ज्ञापन के माध्यम से भाट खमरिया हरदुआ सड़क एवं कैल्हेरा खेड़ा में बिकने वाली अवैध दुकानों की जानकारी दी एवं एवं उन्होंने अपनी वेदना व्यक्त करते हुए कहा की पूरे जबेरा क्षेत्र में गांव-गांव में गांव गांव में बिकने वाली अवैध शराब से गांव के छोटे-छोटे बच्चे शराब के आदि बनते जा रहे हैं एवं गांव की माताएं बहने अपने आप को को सुरक्षित महसूस करती हैं कभी भी कोई भी अनहोनी का शिकार हो सकती है गांव का माहौल खराब होता है लड़ाई झगड़ा दुर्घटनाएं होती हैं एसपी महोदय ने कहा मैं पूरे दमोह जिले से अवैध शराब की तस्करी को बंद करवाऊंगा।

## ग्राम प्रधान श्री अभिषेक दीक्षित के कुशल नेतृत्व में गांव का हो रहा है विकास

(हरदोई) वकासखण्ड मल्लावां की इस समय की बहुचर्चित ग्राम पंचायत गंज जलालाबाद जो व्यापारिक दृष्टि से एक विकसित ग्राम पंचायत है। जब से ग्राम पंचायत की सत्ता युवा ग्राम प्रधान अभिषेक दीक्षित के हांथो में आयी तब से विकास की नित नई योजनाओं का ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है। लगभग 350 शौचालय 60 आवास इसके बाद विधवाओं विकलांगो के लिए नए आवासों का पुनः सर्वे एच सी एल फाउंडेशन द्वारा किसानों को निःशुल्क प्रशिक्षण व बीज वितरण, इंटरलॉकिंग मार्ग व नालियों के निर्माण के साथ एक बार फिर ग्राम वासियों के हित के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव में अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र की एक सुंदर सौगात धरातल पर दिखाई देने लगी है। जिसका कार्य तीव्र गति से संचालित किया जा रहा है। प्रधान श्री अभिषेक दीक्षित के नेतृत्व में गांव का कायाकल्प दिन प्रतिदिन हो रहा है जबकि वहीं पिछले प्रधानों के कार्यकाल में अधिकतर योजनाएं कागजी कार्यवाही में ही सिमट कर रह जाती थी। अर्थात फाइलों पर ही निर्माण कार्य हो जाता था। लेकिन वर्तमान समय में अब ऐसा नहीं होता है।

# प्रेम जाल में फंसा नाबालिग को भागने को लेकर हिंदू संगठन ने किया बवाल

### घंटा किया रोड जाम ,अधिकारियों ने कार्रवाई का भरोसा देकर खुलवाया

सुनील बाजपेई/नवयुग समाचार
कानपुर। प्रेम जाल में फंसा कर एक नाबालिक लड़की कोभाग ले जाने वाले के खिलाफ चौबेपुर में बवाल हो गया। इसके विरोध में हिंदू संगठन ने कई घंटे तक रोड जाम रखा, जिसे अधिकारियों ने कार्रवाई का भरोसा देकर बड़ी मुश्किल से खुलवाया।
प्राप्त विवरण के मुताबिक चौबेपुर थाना क्षेत्र के हकीम नगर चौबेपुर निवासी वक्रुद्दीन का 35 वर्षीय पुत्र नौशाद धार्मिक कार्यक्रमों में ढोलक बजाने और घर-घर जाकर कोचिंग पढ़ाने का काम करता है। उसने किशोरी को प्रलोभन देखकर और बेलापुर लाकर अपने प्रेम जाल में फंसाया।
आरोप है कि युवक ने किशोरी



के साथ शारीरिक संबंध बनाएं। इसके बाद उस पर और उसकी मां पर शादी के लिए दबाव बनाने लगा। किशोरी की मां और समाज का विरोध देख युवक पगला उठा और गुरुवार को वह एक गाड़ी लेकर किशोरी के गांव पहुंच गया। फोन कॉल कर उसने बहाने से किशोरी को बुलाया। फिर उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गया। परिजनों द्वारा सूचित करने के बाद जब पुलिस आरोपी की तलाश रही थी, तभी बीती रात 11 बजे हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने युवक को किशोरी समेत पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। इसकी जानकारी मिलते ही सड़कों पर आए हिंदू संगठनों ने हंगामा किया। उनका आरोप है कि आरोपित युवक को पुलिस को पकड़ाने के बाद जब वह थाने पहुंचे तो पुलिस ने उनके साथ अभद्रता की। बवाल की जानकारी मिलते ही एडीसीपी बृजेंद्र द्विवेदी, डीसीपी विजय ढुल और एसपीएस चतुर्वेदी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हिंदू संगठनों के कार्यकताओं को समझा-बुझाकर शांत कराया और आरोपित पर कठोर कार्रवाही का आश्वासन दिया।

# 10 प्रतिष्ठानों मे 18 वर्ष से कम आयु के 14 बालकों को बाल श्रम करते हुये रेस्क्यू किया गया

रिपोर्ट मोहम्मद इरफान खान
उन्नाव।राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोगए भारत सरकारए नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास किशोर श्रम उन्मूलन हेतु संचालित अभियान 1 जून से 30 जून तक के क्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के आदेशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे अभियान तहत थाना ए0एच0टी0 एवं बाल श्रम आयुक्त की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र अजगैन, सोहरामऊ, दही व को0 सदर के प्रमुख मार्गो पर पड़ने वाले बाजारों/प्रतिष्ठानों व ढाबों आदि पर बाल श्रम रेस्क्यू चेकिंग अभियान चलाया गया। दौराने चेकिंग 10 प्रतिष्ठानों मे 18 वर्ष से कम आयु के 14 बालकों को बाल श्रम करते हुये रेस्क्यू किया गया । जिसके संबंध में मौके पर ही सम्बन्धित प्रतिष्ठान मालिकों को श्रम आयुक्त विभाग



की टीम द्वारा नोटिस देकर विधिक कार्यवाही करते हुये रेस्क्यू किये गये बालकों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया इसके अतिरिक्त प्रतिष्ठान व ढाबा मालिको को बालश्रम न कराने के संबंध में एवं मेडिकल स्टोर मालिकों को नशीली दवा आदि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ना देने हेतु बताया गया तथा प्रतिष्ठान मालिको को प्रतिष्ठान में सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगवाने हेतु अनुरोध किया गया । अभियान के संबंध में विशेष जानकारी दी गयी व बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति किसी नाबालिग बच्चे से कार्य कराते हुये पाया जाता है तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी ।
इसके अतिरिक्त मुख्य चौराहों व तिराहों पर आने जाने वाले व्यक्तियों को एकत्रित कर नाबालिग बच्चों के संबंध में होने वाले अपराधों की जानकारी देते हुये आम जनमानस को 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी कार्य न कराने, नशीले पदार्थों से होने वाली हानियां एवं नशा मुक्त भारत बनाने हेतु नशा मुक्त भारत जागरूकता पखवाड़ा के तहत जागरूक किया गया। आम जनमानस को इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 108, 112, 1090, 1098, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई । अभियान 1 जून से 30 जून तक के क्रम में अब तक 25 बालक व 01 बालिका को बाल श्रम करते हुये रेस्क्यू किया गया है।

# पूर्वजों से चले आ रहे रास्ते पर एक दबंग परिवार द्वारा आधा सैकड़ा ट्राली मिट्टी डालकर व झोपड़ी रखकर रास्ता बंद कर दिया

इरफान खान/नवयुग समाचार
उन्नाव।बांगरमऊ पूर्वजों से चले आ रहे रास्ते पर एक दबंग परिवार द्वारा आधा सैकड़ा ट्राली मिट्टी डालकर व झोपड़ी रखकर अपना खेत बताते हुए रास्ता बंद कर दिया गया जिससे परेशान होकर सैकड़ों ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से शिकायती पत्र देकर रास्ते की भूमि को पूर्व में दर्ज अभिलेख परती की जमीन बताते हुए कार्यवाही की मांग की है। बांगरमऊ के गांव कुंशी निवासी कमलेश,सुरेश,पप्पू,उमाशंकर, प्रयाग नारायण,संतोष,आदि सहित करीब एक सैकड़ा ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उनके गांव से गंगा तट जाने का एक प्रमुख चकमार्ग है जो गाटा संख्या 2186 में दर्ज अभिलेख परती की जमीन थी इसी गाटा में एक किसान का नाम भी दर्ज था किंतु किसी तरह से उक्त गाटा संख्या से रहस्यमय ढंग तरीके से परती का चिन्ह नक्से से गायब हो गया जिसका कोई अभिलेख नहीं मिल रहा है इसी का फायदा उठाकर दबंग लोगो ने अपना खेत बताकर समूचे ग्रामीणों की रास्ता बंद कर दिया गया जिसका विरोध करने पर ग्रामीणों के साथ गाली गलौज व जानमाल की धमकी दी गई जिससे परेशान होकर ग्रामीणों ने दबंग जगदीश पुत्र बंदी व विपिन पुत्र रामभजन आदि को नामित करते हुए कहा गया है कि उक्त दबंग लोगो ने रात के समय अवैध खनन करवाकर रात के समय करीब आधा सैकड़ा मिट्टी मुख्य रास्ते पर डालकर उसपर फूस की झोपड़ी रखकर रास्ता बंद कर दिया गया साथ ही कहा है कि गाटा संख्या 2206 दर्ज अभिलेख सड़क की भूमि पर भी उक्त दबंग कब्जा किए हुए है । ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से कार्यवाही की मांग की है। उपजिलाधिकारी की व्यस्तता के चलते मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार दीपक गौतम ने शिकायती पत्र को संज्ञान में लेकर कोतवाल,कानूनगो व लेखपाल की सयुक्त टीम से मामले पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जांच आख्या मांगी है।

## ग्रीष्म अवकाश के पश्चात खुले प्राथमिक विद्यालय ,छात्र-छात्राओं का तिलक और माला पहनकर किया गया स्वागत

नवयुग समाचार
बहराइच जिले के तहसील मोतीपुर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सुजौली में ग्रीष्म अवकाश के पश्चात परिषदीय विद्यालय में बच्चे पहले दिन जब विद्यालय पहुंचे तो अनोखे तरीके से अध्यापकों के द्वारा प्रवेश उत्सव मनाया गया और छात्र और छात्राओं का तिलक और माला पहनकर स्वागत किया गया इसके पश्चात विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया इस दौरान विद्यालयों को अनोखे अंदाज में सजाया गया सभी बच्चों के स्वागत और अभिनंदन के लिए प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय सुजौली के श्रवण कुमार और अन्य अध्यापकों के द्वारा जैसे ही बच्चे विद्यालय पहुंचे उनका माला और टीका का स्वागत किया गया इस दौरान स्कूल पहुंचे बच्चों में भी उत्साह की झलक दिखी इस दौरान




अध्यापकों के द्वारा केला, आम और बच्चों को खाने पीने की अन्य चीज भी वितरित की गई शिक्षकों ने स्कूलों बच्चों के साथ मैंगो डे भी मनाया इसके पश्चात बच्चों के साथ स्कूल चलो अभियान के तहत रैली भी निकल गई जिसमें बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया गया इस मौके पर प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार सिंह, अध्यापक अरुण कुमार मिश्रा ,आशीष जोरावर ,राम सुमिरन ,अरुण सिंह, बृजेश सिंह , कमलेश पांडे, सर्वजीत पाठक व अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

## गाली गलौज का विरोध करने पर अधेड़ को पीट कर किया घायल

हरदोई। बिलग्राम हरदोई।। थाना क्षेत्र के पसनेर गांव में दबंगो ने अधेड़ को लाठी अंडो से पीट कर लहूलुहान कर दिया । जानकारी के अनुसार शिव सिंह 47 वर्ष पुत्र मुंशी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही रामशंकर, रामचेला, हरिशंकर, ने दरवाजे पर आकर मुझे गंदी-गंदी गालियां देने लगे मेरे मना करने पर दबंगों ने लाठी डंडों से



पीट दिया जिससे उसके सिर में व हाथ में गंभीर चोट आई है पीड़ित शिव सिंह ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। वही प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि पीड़ित शिव सिंह का डॉक्टरी परीक्षण कराया जा रहा है । जांच कर आरोपियों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाणा काव्य मंच द्वारा नजफगढ़ में काव्य-गोष्ठी

नवयुग समाचार
(कृष्ण चतुर्वेदी)
हरियाणा काव्य मंच द्वारा नजफगढ़ के शिव नगर स्थित डी०सी० कॉन्वेंट स्कूल में काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली के प्रसिद्ध गजलकार ताराचंद शर्मा नादान ने की एवं मुख्यातिथि के तौर पर डी ०सी० कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक कुलदीप डागर मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर हरियाणा की प्रसिद्ध कवयित्री डॉ० रमाकांता शर्मा एवं झज्जर के प्रसिद्ध गजलकार खेमचंद सहगल ने शिरकत की। मंच संचालन दिल्ली के वरिष्ठ



कवि कृष्ण गोपाल सोलंकी ने किया। मंच के व्यवस्थापक डॉ० रमन शर्मा की माँ सरस्वती वंदना से प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश के रचनाकारों द्वारा काव्यपाठ किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल त्रिलोक कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच के संस्थापक पवन मित्तल, महासचिव जय सिंह जीत, व्यवस्थापक डॉ० रमन शर्मा, कार्यक्रम संयोजक राजबीर खोरड़ा, सागरनामा साहित्य मंच के संस्थापक सुरेन्द्र सागर, खुर्जा जिला बुलंदशहर से किरण प्रभा अग्रहरि, सोनीपत से शकील जठेडी, पानीपत से कमलेश पालीवाल, प्रीति शर्मा, नीरज शर्मा भरथल, संदीप कथूरा, मुकेश शर्मा अनमोल, डॉ० रमाकांता शर्मा, खेमचंद सहगल, ताराचंद शर्मा नादान, रोहतक से रश्मि श्री, कलानौर से सत्यवीर सिंह निराला, जगजीत निराला दिल्ली से कृष्ण गोपाल सोलंकी, डॉ० वर्षा सिंह, जितेन्द्र वशिष्ठ रोहिणी, सीमा वत्स, एंव कुमार राघव बहादुरगढ़ ने काव्यपाठ किया। अध्यक्षीय उद्बोधन के बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मंच के संस्थापक पवन मित्तल ने कार्यक्रम में पधारे सभी रचनाकारों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर राजेश सैनी और खुर्जा बुलंदशहर के संतोष गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी एवं परेड का निरीक्षण किया गया

नवयुग समाचार
बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला द्वारा पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को शस्त्रों के बारे में जानकारी देते हुए उनके प्रति ड्यूटी के दौरान विशेष सावधानी बरतने, शस्त्रों की साफ सफाई व उनके रख रखाव के बारे में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गए। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक



द्वारा पुलिस लाइन परिसर, बैरको व शौचालयो का निरीक्षण कर बेहतर साफ सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में बेहतर साफ सफाई, गुणवत्तापूर्वक निर्माण व मरम्मत कार्य कराए जाने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा द्वारा पुलिस लाइन परिसर की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर दस्तावेजों/अभिलेखों/रजिस्टरों को चेक कर शाखा प्रभारियों को ससमय समस्त विवरण चढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। जिस्के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा अर्दली रूम किया गया, जिसमें सम्बंधित कर्मचारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन हीरालाल कनौजिया, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पर्यटन विभाग ने बीहड़ क्षेत्र के लिए दी सौगात, पर्यटकों के रुकने की उत्तम व्यवस्था

### ऊषा रिसोर्ट एवं होटल का हुआ उद्धघाटन



नवयुग समाचार
माधौगढ़ (जालौन)- बीहड़ क्षेत्र के लिए ऊषा रिसोर्ट एवं होटल होने पर एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है पर्यटन विभाग ने पर्यटकों को दृष्टिगट रखते रामपुरा किला के बाद दूसरा पर्यटन होटल चितौरा रोड माधौगढ़ स्थित बनाया है।

ऊषा रिसोर्ट के संचालक शिवकुमार गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि बीहड़ में कई पर्यटन स्थल होने के बाद भी कोई ठहराव की व्यवस्था ना होने उन्हें परेशानी उठानी पड़ती थी पचन्दा संगम, कालेश्वर महादेव, जालौन देवी, करनखेरा देवी आदि स्थलों पर आने वाले दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों को ठहराव की व्यवस्था ना होने कारण बापस हताश होकर लौटना पढ़ता था पर्यटक विभाग की पहल के बाद लोगों को रुकने के संसाधन उपलब्ध हो पाएंगे । अभिषेक गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील स्तर पर होटल ना होने पर लोगों को मुख्यालय की ओर जाना पढ़ता था लेकिन अब पर्यटक विभाग द्वारा मिली सौगात में अब मुख्यालय की अन्य सुबिधाएं तहसील स्तर पर ही मुहैया हो पाएंगी किला रामपुरा के बाद दूसरा पर्यटन होटल चितौरा रोड माधौगढ़ एवं रिसोट उपलब्ध है जिसमें शादी, पार्टी, एवं अन्य प्रकार के समरोह सम्पन्न किये जा सकते है इस दौरान अभिषेक गौतम,अभिषेक सिंह, अकील, बृजमोहन मिश्रा, माता प्रसाद आदि मौजूद रहे एवं माता प्रसाद ने फीता काटकर रिसोर्ट का उद्धघाटन किया।

## चोरों ने घर में धावा बोलकर नगदी सहित लाखों रुपए के जेवर चोरी किए

मल्लावां/ हरदोई मल्लावा क्षेत्र में एक बार फिर चोरों ने अपनी धमक से लोगों में दहशत पैदा कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव ठठिया निवासी शहीद गुरुवार की रात को घर के आंगन में सो रहे थे। रात में अज्ञात चोर पीछे की दीवार से चढ़कर घर मे दाखिल हो गए। इसके बाद चोरों ने ताला तोड़कर उसमे रखी अलमारी व बक्से के ताला तोड़ा। अलमरी में रखी 25 हजार की नगदी, समेत सोने की माँगबेदी, एक अंगूठी, एक लाकेट, चांदी के एक जोड़ी हथफूल, एक बाल चोटी, एक चोटी फूल, एक मोबाईल, चोरी कर ले गए । शुक्रवार की सुबह जब सभी सोकर उठे तो कमरे के दरवाजे खुले देख सकते में आ गए। चोरी की आशंका को देखते हुए कमरे में गए तो देखा कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। जबकि रुपये व जेवरात चोरी हो चुके थे।

# पी.एम.श्री.प्रा.वि.सकतपुर सकीट मे हुआ दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन

### स्कूली बच्चों ने पौधा रोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का दिया संदेश

दिलीप सिंह नवयुग समाचार
सकीट। बच्चों को पर्यावरण के बारे में समझाने व बताने के लिए सरकार द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया जाना है जिसको लेकर पी.एम.श्री.प्रा.वि.सकतपुर सकीट मे समर कैंप का आयोजन किया गया। जिस दौरान स्कूली बच्चों को अध्यापकों द्वारा पर्यावरण के बारे में बताया गया और पौधारोपण भी किया गया। पी.एम.श्री प्रा.वि.सकतपुर पर शासन के निदेर्शानुसार दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया



गया। जिसमें प्रधानाध्यापिका अनुपमा द्विवेदी एवं बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना कर माल्यार्पण किया। दो दिवसीय समर कैंप बच्चों को उत्साहित करने के लिए अध्यापिकाओं द्वारा बच्चों के तिलक लगाकर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। प्रधानाध्यापिका अनुपमा द्विवेदी ने बच्चों को पर्यावरण के बारे बताया कि हम सभी मिलकर पोधौं लगाए और पर्यावरण का संरक्षण करें। वृक्ष प्राणवायु प्रदान करते हैं। सभी के लिए पौधारोपण करना और उसे बचाना बेहद जरूरी है। वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाने मे सहयोगी हैं। साथ ही हमें फल, फूल व लकड़ियां प्रदान करते हैं। दो दिवसीय समर कैंप में बच्चों के लिए सेल्फी पॉइंट भी बनाये गये जिसमें बच्चों ने जमकर सेल्फी ली। पौधारोपण के बाद बच्चों को हलवा बांटा गया। इस अवसर पर आरती, प्राची, बाबिता कुमारी, चेतना प्रभा सहित बच्चों ने भी पौधारोपण किया।

## कन्या प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया गया



नवयुग समाचार
माधौगढ जालौन विद्यालय में छात्राओं द्वारा मिट्टी/कला व पेपर क्राफ्ट का प्रयोग करते हुये अत्यंत मनमोहक रचनाओं का प्रदर्शन किया गया,तथा विद्यालय स्टाफ मे उपेंद्र सिंह (स०अ०), अबलाख सिंह (स०अ०) द्वारा छात्राओं को प्राक्रतिक वातावरण का एक्सपोजर विजिट करवाया गया व पेड़/पोधों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की व छात्राओं द्वारा पौधा रोपण किया गया ।इसके अतिरिक्त आज ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद प्रथम दिन विद्यालय आगमन पर समस्त छात्राओं का रोली से टीका लगाकर व मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया कार्यक्रम का आयोजन उपेंद्र सिंह प्रजापति (स०अ०) के द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीर कुशवाह जी, उपेंद्र सिंह प्रजापति (स०अ०), अबलाख सिंह (स०अ०),अंशुमान द्विवेदी (स०अ०) व विद्यालय के प्रवंध समिति अध्यक्ष उमाशंकर राठौर की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

## सड़क किनारे लगे गिट्टी बालू के डंप दे रहे है हादसों को दावत!

नवयुग समाचार
माधौगण (जालौन)-सड़क किनारे गिट्टी,बालू डंप होने से हादसों की आशंका बनी रहती है! आने जाने वाले राहगीरों के लिए सड़क के किनारे सटे लगे गिट्टी बालू के डंप मुसीबत बने हुए है! आये दिन हादसे हो रहे है जिससे कई लोग चुटहिल हो रहे है तो कई लोगो की जान भी चली जाती है।

गोहन क्षेत्र में दर्जनों गिट्टी बालू की दुकानें लोगो के लिए मुसीबत बनी हुई है गोहन, राजपुरा, ईंटो, सरावन, आदि गांवों में रोड के किनारे दुकानदार गिट्टी बालू के डंप किए हुए है जो सुबह से लेकर देर रात तक मुख्य सड़कों पर ही बालू को डंफर व ट्रैक्टर आदि की ट्रॉली में बालू और गिट्टी की लोडिंग व अनलोडिंग की जाती है जिससे रास्ते में जाम की भी समस्या बनी रहती है!



बिखरी पड़ी बालू व गिट्टी बाइक चालकों के लिए मुसीबत बन रही है। आए दिन देखा जा रहा है कि ज्यादातर ऐसे स्थानों पर बाइक चालक सड़क पर बिखरे बालू पर फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त हो जा रहे हैं। जिसमें कुछ जख्मी तो कुछ को अपनी जान भी गंवानी पड़ रही है। बीते गुरुवार की शाम को गोहन ईंटो मार्ग पर सड़क से सटे बालू के डंप पर बाइक सवार मोहर सिंह फिसल गए जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वस्थ केंद्र ईंटो में भर्ती कराया गया वही स्थानीय ग्रामीण रामस्वरुप पट्टीदार, राजपाल चौहान, महेन्द्र परिहार, हरिसिंह परिहार,विमल राजपूत,सतीश राजपूत, शरद राजपूत, गिरराज कुशवाहा,पतलेश सिंह आदि ने बताया कि प्रशासन को सड़क किनारे रखे गिट्टी बालू के डंप के खिलाफ अभियान चलाकर सभी दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए जिससे आए दिन हादसों से बचा जा सके। माधौगढ़ क्षेत्रधिकारी शैलेन्द्र बाजपाई ने कहा की गोहन थानाध्यक्ष दिव्यप्रकाश तिवारी निर्देशित किया गया है कि रोड के किनारे लगे सभी गिट्टी बालू के डंपो को हटवाए न मानने पर सभी दुकानदारों के खिलाफ कानूनी कार्यबाही करे।

## पत्रकारों से सूत्र पूछने का पुलिस को कोई अधिकार नहीं- सुप्रीम कोर्ट

नवयुग समाचार संवाददाता
चौबेपुरः सूत्रों के हवाले से खबर लिखने वाले पत्रकारों के लिए अच्छी खबर है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर से पुलिस विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों पर जमकर निशाना साधा है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ की बेंच ने पुलिस को भारतीय संविधान के आर्टिकल 19 और 22 की याद दिलाई है। चीफ जस्टिस ने कहा कि, ह्यपत्रकारों के मौलिक अधिकारों की स्वतंत्रता के खिलाफ पुलिस किसी भी पत्रकार से उनकी खबरों के लिए सूत्र नहीं पूछ सकती है। यहां तक की कोर्ट भी उन्हें ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं कर सकता ।ह्नचीफ जस्टिस ने कहा कि, ह्यआजकल ये देखने को मिल रहा है कि बिना किसी ठोस सबूत और बिना जांच के पत्रकारों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर लिए जाते हैं। श्रेष्ठ बनने के चक्कर में पुलिस पत्रकारों की स्वतंत्रता का हनन कर रही है। आपको बता दें कि सूत्रों के हवाले से चलने वाली खबरों के कई मामले कोर्ट में जा चुके हैं। कोर्ट ने पत्रकारों से खबरों के सूत्र बताने का आदेश भी दे चुके हैं लेकिन चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के इस फैसले के बाद मीडिया जगत में उत्साह है। जानकारी के लिए बता दें कि हमारे देश में किसी विशेष कानून के जरिए पत्रकारों को अधिकार हासिल नहीं हैं। पत्रकारों के लिए अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार बाकी नागरिकों की तरह संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ं) के अंतर्गत ही मिले हुए हैं।

# चौबेपुर में लव जिहाद मामले में थानाप्रभारी को किया गया टारगेट

नवयुग समाचार संवाददाता
चौबेपुरः थाना क्षेत्र में एक लव जिहाद मामले में वहां के थाना प्रभारी को टारगेट बनाया गया। शुक्रवार को चौबेपुर थाना क्षेत्र में एक लव जिहाद का मामला सामने आया जिसमे चौबेपुर निवासी एक मुस्लिम युवक मोहमद नौशाद उम्र लगभग 27 वर्ष दो दिन पूर्व एक हिंदू किशोरी उम्र लगभग 15 वर्ष को लेकर फरार हो गया और जब इसकी खबर परिजनों को लगी तो घर में अफरा तफरी छा गई वही दूसरी ओर इसकी भनक केसे भी अन्य लोगो को लग गई जिसके बाद किशोरी की तलाश में सभी जुट गए वही लोगो को पता चला कि युवक किशोरी को लेकर कल्याणपुर स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठा है तो आनन फानन में इसकी सूचना कल्याणपुर थाने में दी गई जिस पर कल्याणपुर थाने की पुलिस ने दोनों को ही स्टेशन पर ही दबोच लिया और चौबेपुर थाने के सुपुर्द कर दिया। वहीं इस जानकारी को पाते ही कुछ लोगो ने बिना कुछ सोचे समझे चौबेपुर थाने पर चढ़ाई कर दी और पुलिस के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए थाने के अंदर घुस गए और जब पहरेदार द्वारा उन्हें रोका गया तो वह धक्का मुक्की पर आतुर हो गए हालांकि जब उन्ही थाने में नही चली तो आग बबूला हो कर वह लड़की की मां को जबरन अपने साथ ले आए और बंदी माता तिराहा पर बैठा कर रोड जाम कर दिया और पुलिस मुदार्बाद के नारे लगाने लगे जिसके कारण यातायात व्यवस्था पूर्णतः बाधित हो गई जब काफी देर तक यह हंगामा चला तो शांतिव्यवस्था हेतु शिवराजपुर चौबेपुर व बिल्हौर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई लेकिन वह भी उनका यह उपरद्रव रोक नही पाई जिस्के बाद मौके पर पहुंचे डीसीपी वेस्ट विजेंद्र द्विवेदी ने लोगो को कार्यवाही का आश्वासन देकर कहा कि इस प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।



### क्यों उछाला गया मामला

जिस मामले को मात्र एक तहरीर देके पूर्ण न्याय पाया जा सकता था उसे कुछ षड्यंत्र कारियो ने तुल देके इतना बड़ा दिया कि क्षेत्र की शांति व्यवस्था पूरी तरह भंग हो गई वही जब इस प्रकरण में थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव से बात की तो उन्होंने बताया कि थाने की जो नई इमारत बनी है उसका ठेका विपिन शुक्ला नामक युवक जो कि अपने विश्व हिंदू परिषद का सदस्य बताता है उसको दिया गया था जिसने मजदूरों का लगभग साढ़े चार लाख रुपया हड़प कर लिया है जिसकी कई लिखित तहरीर थाने में दी गई है साथ वह थाने में कई बार आकर मुझसे थाने की इमारत को हैंडओवर करने की बात कह चुका है जब मेने उससे अपने हैंडओवर करने से इंकार कर दिया क्योंकि अभी इमारत का कार्य पूर्ण नही और मैने कह दिया की कार्य पूर्ण कर दो फिर में हैंड ओवर कर लूंगा जिससे वह बौखला गया है और बिना वजह पुलिस को बदनाम कर रहा है।
चौबेपुर पुलिस इंस्पेक्टर देशद्रोही है वही हद तो तब हो गई जब चौबेपुर पुलिस मुदार्बाद के नारे के बाद विपिन शुक्ला चौबेपुर इंस्पेक्टर देशद्रोही के नारे लगाने लगे अब सवाल यह है कि इस प्रकरण में देश के साथ द्रोह करने की बात कहा से आ गई या फिर इन्हे सिर्फ नारे बाजी से मतलब है न कि उसके अर्थ से क्योंकि देश द्रोह वह शब्द है जो आम नागरिक के लिए भी गाली समान है यहां तो एक जिम्मेदार के लिए ये शब्द उपयोग किया गया है अब यह देखना है कि सरकार इस शब्द को बोले जाने के लिय किस पर कार्यवाही करती है सही पर या गलत पर।

### बाद में रोती रही मां नही दिखे षड्यंत्रकारी

इतना सब हंगामा होने के बाद थाने में खड़ी एक बेटी की मां अपने रिश्तेदारों से बात करते हुए फूट फूट कर रो रही थी और कह रही थी कि हमारे साथ तो वह यह कह कर लाए थे कि थाने में चलकर तहरीर दिलाएंगे और तुम्हें न्याय मिलेगा लेकिन हमें यह नहीं पता था कि हमारा रिश्तेदार ही इसमें हमारे साथ राजनीति खेलेगा और हमारी इज्जत को सारे आम उछाल देगा जिसके कारण हम समाज में शर्मिंदगी उठाएंगे।

### बिना तहरीर दिए पुलिस केसे करती कार्यवाही

पुलिस के अनुसार इस प्रकरण में कल्याणपुर थाने द्वारा कुछ घंटे पूर्व दोनो की सुपुर्दगी थाने में की गई थी और मौके पर थाना प्रभारी किसी अन्य प्रकरण में गए हुए थे। उसी बीच विपिन शुक्ला अपने कई साथियों संग थाने पहुंच गए और गली गलौज करते हुए थाने पर चढ़ाई कर दी जिसका वीडियो भी थाने द्वारा बनाया गया है और जब वह कई लोगो के साथ थाने में अभद्रता करने पहुंचे तो वहां खड़े पहरेदार ने उन्हें रोक लिया जो उन्हें अपने सम्मान पर ठेस जैसा लगा जबकि पुलिस का कहना था कि आप लोग एक लिखित तहरीर दीजिए। उसके बाद हम अपनी कार्यवाही करे लेकिन उन्हें ये समझ नहीं आया और उन्होंने हंगामे के लिए तैयारी बना ली। अब सवाल यह उठता है कि यदि पुलिस बिना किसी तहरीर के कार्यवाही करती तो क्या उसपे उंगली नही उठती और फिर वह कैसे बिना किसी लिखित तहरीर कार्यवाही कर पाती।